# खाद्यान्न पर्ची धारक के पास 42 तोला सोना कैसे आया

**केवलारी नवभारत।** सूत्रों के मुताबिक शासन के द्वारा ही प्राप्त गरीबी रेखा से नीचे का कार्ड...शासन द्वारा ही प्राप्त साहूकारी का लाइसेंस....अब शासन से 42 तोला सोना की जांच की मांग केवलारी की जनता का सवाल यही आखिर कब कहा कैसे उठेगा इस पूरे घटनाक्रम से पर्दा!!! 13 जून की रात्रि केवलारी में मकान से चोरों ने 42 तोला सोना 3 किलो चांदी और डेढ़ लाख रुपये नगद जो चोरी की शिकायत पुलिस से किए है उसमें एक बेहद चौंकाने वाली बात सामने आई है, मिली जानकारी के अनुसार जिसमें उक्त परिवार के सदस्य को पीले कार्ड (अंत्योदय अन्न योजना) खाद्यान्न पर्ची के माध्यम से हर महीने 35 किलो मुफ्त अनाज (गेहूं और चावल) शासन मुहैया करा रही है। मध्यप्रदेश सरकार पीले कार्ड (अंत्योदय अन्न योजना) वाले परिवारों को हर महीने 35 किलो मुफ्त अनाज (गेहूं और चावल) देती है, पीला कार्ड अत्यधिक गरीब परिवारों, निराश्रितों, भूमिहीन मजदूरों, और कमजोर आर्थिक स्थिति वाले लोगों के लिए बनाया जाता है। अब सवाल फिर वही जस का तस बना हुआ है कि पीला कार्ड खाद्यान्न पर्ची धारक के पास 42 तोला सोना और 3 किलो चांदी कहा से आई?? आसमान छूती कीमतों और भारी आयात शुल्क के कारण आज के समय में गरीबों या मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए सोना और चांदी खरीदना वाकई बहुत मुश्किल हो गया है। चांदी जिसे कभी गरीबों का सोना माना जाता था, उसके दाम भी अब आम आदमी की पहुंच से बाहर होते जा रहे हैं।

**42 तोला सोना रखने वाले परिवार गरीब कैसे ?**

**सिस्टम की बड़ी लापरवाही**

वही दूसरा सवाल सिस्टम से भी है जहां आज भी कई सैकड़ों परिवार अपनी खाद्यान्न पर्ची बनवाने दरबदर भटक रहे जिनके पास रोजगार के साधन सीमित है हम प्रशासन में बैठे जिम्मेदारों से अब सवाल पूछ रहे कि क्या आप जरूरतमंदों के साथ न्याय कर रहे? क्योंकि गरीब कौन, अमीर कौन? खाद्यान्न पर्ची धारक के पास 42 तोला सोना कैसे आया ?

**इनका कहना है**

जैसा की हमारे सोनखार निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्रीमान खयालसिंह भैरम का हमारे भारत देश की आजादी में बतौर मीशाबंदी के समय लगभग नव माह जेल में बीता है, किन यात्नायें सहे हैं, और गत दिवस भारतीय जंता पार्टी के सभी मंडल के पदाधिकारियों के साथ आपसे सामुहिक भेंट कर सम्मान स्वरुप स्मृती चिन्ह प्रदान किये. और आने वाले समय में उगली में एक बडा कार्यक्रम आयोजित कर अपने क्षेत्र के ऐसो का सम्मान निकट भविष्य में किया जायेगा.


**समाज सेवी हरीश बिसेन**

**केवलारी पुलिस अभी तक क्या कर रही....**

एक हफ्ते बीतने को है लेकिन अभी तक पुलिस ने यह खुलासा भी नहीं कर पाई है कि इतनी बड़ी मात्रा में उक्त परिवार के पास जेवरात आए कहा से और फिर वे चले कहा गए आखिर उस रात हुआ क्या था??? चोरी हुई तो चोर कहा है? जबकि शासन ने तो उन्हें पीला कार्ड धारक देकर गरीबी रेखा से नीचे मान चुका है। ऐसी कौनसी तकनीकी विद्या आ गई चोरों के पास जो उन्होंने पता लगा लिया कि उक्त परिवार के सदस्य अपने घर में सो रहे है वही घर में आधा करोड़ से ज्यादा के जेवरात रखे हुए हैं क्या केवलारी पुलिस के आगे चोर अपने मंसूबे में सफल हो गए है या अभी पुलिस की दिन रात की जा रही जांच कई बड़े खुलासे करेगी?

## खंभे के सपोर्टर केबल में फैला करंट, बाल-बाल बचा बालक

**छपारा नवभारत।** विकास खंड के ग्राम दानीमेटा पर विगत 27 जून की शाम लगभग साढ़े पांच बजे गांव की गलियों में खेल रहे थे जहां खेल खेल में बच्चे वहां लगे विधुत लाइन के खम्भे में लगे हुए स्टे तार सपोर्टर केवल के संपर्क में ग्राम दानीमेटा निवासी अमरलाल मर्सकोले का 8 वर्षीय पुत्र प्रियांश मर्सकोले उसमें प्रवाहित करंट की चपेट में आ गया उसी दौरान सौभाग्यवश मौके पर उपस्थित जनों ने लकड़ी से बालक को वहां अलग किया और परिजनों ने छपारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शनिवार रात्रि लगभग 8:30 बजे लेकर पहुंचे जहां भर्ती कर उसका उपचार किया जो अब बिल्कुल स्वस्थ स्थिति में है वहीं परिवार जनों ने उनके गांव में विद्युतीकरण का कार्य करने वाले ठेकेदार से पूर्व में भी उसी स्थान पर एक बकरी के करंट लगने से मौत की घटित घटना से सबक लेते हुए छपारा विधुत वितरण कंपनी के अधिकारियों से शिकायत दर्ज कराई थी परंतु किसी भी तरह का सुधार कार्य नहीं किया गया और यह अनहोनी घटना जो जानलेवा साबित हो सकती थी उसे लेकर रोष दर्शाया गया संबंधित ठेकेदार पर दंडित कारवाई किए जाने की विधुत वितरण कंपनी से मांग की गई है। वहीं शनिवार को खंभे के सपोर्टर तार में करंट प्रवाह की स्थिति को देखते हुए ग्रामीणों द्वारा विधुत वितरण कंपनी कार्यालय में सूचना दी और विधुत आपूर्ति पूरी तरह बंद करा दी गई।



# पेपर लीक से टूट रहे मेहनतकश अभिभावकों के सपने : खुराना

**सिवनी नवभारत।** पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं जबलपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी राजकुमार खुराना ने नीट सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार सामने आ रहे प्रश्नपत्र लीक मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए वर्ष 1985 की एक घटना साझा की। उन्होंने बताया कि नहर निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी धंसने से घायल हुए एक मजदूर ने अस्पताल में बताया था कि वह अपने बच्चों की स्कूल फीस भरने के लिए पहली बार यह जोखिम भरा काम करने आया था। इस घटना से भावुक होकर उन्होंने मजदूर के बच्चों की स्कूल फीस जमा कराई तथा उसके स्वस्थ होने तक हरसंभव आर्थिक और मानवीय सहयोग दिया।



राजकुमार खुराना ने कहा कि आज भी लाखों माता-पिता अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए कठिन परिश्रम और संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक जैसी घटनाएं केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि मेहनतकश अभिभावकों के त्याग, संघर्ष और विश्वास पर भी गहरी चोट हैं। उन्होंने परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

## रेत उत्खनन पर 30 जून की मध्यरात्रि से प्रतिबंध

**सिवनी नवभारत।** कलेक्टर नेहा मीना ने मानसून अवधि को दृष्टिगत रखते हुए जिले में रेत उत्खनन पर प्रतिबंध संबंधी आदेश जारी किए हैं। यह आदेश भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी सतत रेत खनन प्रबंधन दिशा-निर्देश, 2016, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग, नागपुर तथा संचालक, भौमिकी एवं खनिकर्म, भोपाल द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में जारी किया गया है।

## चंचलेश मरकाम बने सिवनी के नए एसडीओपी

**सिवनी।** सिवनी अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी पुलिस की कमान अब नए प्रशासनिक अधिकारी के हाथों में सौंपी गई है, बालाघाट हॉक फोर्स में पदस्थ रहे चंचलेश मरकाम को अब सिवनी का नया एसडीओपी नियुक्त किया गया है।अब तक सिवनी में एसडीओपी के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे सचिन परते का स्थानांतरण कर दिया गया है। उन्हें अब बालाघाट हॉक फोर्स में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है,यह फेरबदल पूरी तरह से दोनों अधिकारियों के कार्यक्षेत्र की अदला-बदली हुई है।

# सद्गुरु कबीर प्राकट्य महोत्सव के तहत निकाली गई सद्भावना रैली





**छपारा नवभारत।** नगर के बैंनगंगा नदी पुल घाट स्थित सदगुरु कबीर सामुदायिक सत्संग भवन में 27 से 29 जून त्रि दिवसीय सतेश्वरसदगुरु कबीर प्राकट्य महोत्सव एवं सत्संग समारोह का आयोजन किया जा रहा है जिसमें दूसरे दिन 28 जून दिन रविवार को सुबह 8 बजे से भजन एवं दोपहर कबीर दर्शन पर चिंतन, सत्संग का आयोजन किया गया वहीं उक्त कार्यक्रम में क्षेत्रीय व केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह ने पहुंचकर श्री श्री 108 श्री राम जीवन शास्त्री साहेब के दर्शन एवं आशीर्वचन लिए वहीं उक्त अवसर पर जहां क्षेत्रीय विधायक सिंह ने आचार्य श्री का पुष्प माला श्री फल एवं साल से अभिवादन किया वहीं आयोजन समिति द्वारा भी केवलारी विधायक का सम्मान किया गया वहीं शाम लगभग 6 बजे से सदगुरु कबीर समाज उत्थान समिति छपारा एवं समस्त अवधिया समाज द्वारा पूज्य आचार्य श्री रामजीवन शास्त्री साहेब के सानिध्य में भव्य सद्भावना रैली शोभायात्रा निकाली गई जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए आयोजन स्थल पर सम्पन्न हुई वहीं पूर्व-निर्धारित कार्यक्रम देर शाम तक आयोजित हुए जहां उत्साह उमंग के वातावरण में त्यौहार रुपी प्रतिवर्ष आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगर सहित क्षेत्रीय ग्रामों के श्रृद्धालुओं द्वारा पहुंचकर भव्यता प्रदान की जा रही है।

# सायबर सुरक्षा को लेकर गांव- गांव पहुंच रही पुलिस

**लोगो को किया जा रहा जागरूक भारी संख्या में पुरुष तथा महिलाएं इस अभियान का बन रहीं हिस्सा**



**धारनाकला नवभारत।** मध्य प्रदेश पुलिस का सायबर अपराधो के प्रति जन जागरूकता अभियान पुलिस प्रशासन के माध्यम से गांव गांव तक पहूच रहा है और इस अभियान मे भारी तादाद मे लोग एकत्रित होकर पुलिस प्रशासन द्वारा सायबर ठगी के सम्बन्ध मे दी डा रही जानकारी को अपने जेहन मे उतारने का प्रयास कर रहे है वैसे तो पुलिस प्रशासन हर गाव हर कस्बे मे जाकर सायबर जागरूकता अभियान चला रहा है आज बरघाट विकास खंड की ग्राम पंचायत बेहरई मे थाना प्रभारी मोहनीश बैस तथा एजेके थाना प्रभारी सिवनी अंनती मर्शकोले के द्वारा सायबर जागरूकता अभियान के तहत अपनी भाषा मे जानकारी साझा करते हुऐ बताया गया की वे कैसे सायबर ठगी का शिकार होने से बच सकते है और सायबर सुरक्षा को अपना सकते है।

थाना प्रभारी ने सायबर सुरक्षा के सम्बन्ध मे ग्रामीण को समझाईस देते हुऐ बताया की अनराईड मोबाईल हर घर मे उपलब्ध है जिसका उपयोग युवा से लेकर बच्चे तक कर है आप साइबर अपराध से सावधान रहे अनजान नंबर से आने वाले काल्स पर भरोसा न करे तथा अनजान नंबर से आऐ लिंक फोटो वीडियो एपीके एजेके फाइल्स डाउनलोड न करे तथा आप अपने फोन मे भय लालच का शिकार न बने इसके साथ ही एजेके थाना प्रभारी मैडम मर्शकोले ने विस्तार से साइबर के सम्बन्ध मे मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा जारी दिशा निर्देश समझाते हुऐ कहा कि लाटरी इनाम फ्रॉड फर्जी ऐप डाउन लोड क्रेडिट डेबिट कार्ड फ्रॉड बैक केवायसी डेटा अपडेट फ्रॉड सिम स्वेप फ्रॉड तथा वाइस काल जैसे फ्रॉड के सम्बन्ध मे विस्तार से ग्रामीण जनो को जानकारी से अवगत कराते साइबर ठगी से बचने के उपाय ग्रामीण भाषा मे लोगो से साझा किया तथा साइबर ठगी से बचने के लिये तथा अनजाने मे शिकार होने पर तत्काल मध्य प्रदेश पुलिस की साइबर सेवा हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर काल करने की सलाह दी।

मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान गांव के कोने कोने तक पुलिस प्रशासन की पहल से पहूच रहा है आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष तथा जनपद सदस्य विजय उइके के द्वारा भी साइबर जागरूकता अभियान के तहत ग्रामीण जनो से सुरक्षा और बचाव के सम्बन्ध मे जानकारी साझा करते हुऐ पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया की उनके द्वारा सीधे और सरल भाषा मे लोगो को साइबर सुरक्षा के सम्बन्ध मे सम्वाद और जानकारी साझा की गई।

## एक नजर में

### आंगनबाड़ी केंद्र तिन्सा में बच्चों को पिलाई पोलिया दवा



सिवनी। जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 28 जून को पोलियो दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी केंद्र तिन्सा 1नगर परिषद छपारा में बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई। वार्ड नंबर 2 सुभाष वार्ड तिन्सा में आंगनवाड़ी केंद्र में पोलियो बूथ स्थापित किया गया टीम की सदस्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ता स्वाति नागेश आशा कार्यकर्ता कौशल्या पंद्रम आंगनवाड़ी सहायिका चंद्रकली विश्वकर्मा ने 0से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई उन्होंने अभिभावकों को दो बूंद जिंदगी की का महत्व भी समझाया स्वास्थ्य टीम ने नागरिकों को पोलियो मुक्त देश बनाए रखने के लिए बच्चों को समय पर दवा पिलाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए यह खुराक सुरक्षा कवच का काम करती है।



### बिरसा मुंडा बलिदान दिवस पर विचार संगोष्ठी आयोजित

सिवनी। बिरसा मुंडा के बलिदान दिवस पर अजाक्स जिला इकाई सिवनी द्वारा लूघरवाड़ा स्थित द ग्रैंड राजवाड़ा लॉन में भारत की सामाजिक एवं आर्थिक प्रगति में महापुरुषों का योगदान विषय पर विचार संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई। संगोष्ठी में वक्ताओं ने शिक्षा, संगठन, सामाजिक जागरूकता और नशामुक्त समाज के निर्माण पर जोर देते हुए युवाओं से महापुरुषों के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। साथ ही शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और समाज को संगठित करने का संदेश दिया गया। आयोजन में अजाक्स जिला इकाई के जिलाध्यक्ष सुधीर कुमार राजनेगी के नेतृत्व की सराहना की। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारी, अधिकारी, कर्मचारी, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

### जिले में 82 .46 प्रतिशत प्रकरणों का हुआ निराकरण

सिवनी। कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के निर्देशन में जिले में लंबित सीमांकन प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत सभी तहसीलों में पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक (आरआई) के संयुक्त दल गठित कर प्रकरणों का त्वरित निराकरण कराया जा रहा है, जिसकी नियमित मॉनिटरिंग अनुविभागीय अधिकारियों (राजस्व) द्वारा की जा रही है।

# सिकल सेल एनीमिया के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया

**कुरई नवभारत।** जनजातीय विकासखण्ड कुरई के ग्राम साल्हे-2 एवं टेक्नी-1 में सिकल सेल एनीमिया के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री यदुराज उइके, शिक्षक, ईएफए नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सिवनी तथा राजेन्द्र प्रसाद सोनवाने, शिक्षक, PS School भोड़की द्वारा ग्रामीणों एवं जनजातीय समुदाय के लोगों से संवाद कर सिकल सेल एनीमिया के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।



कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि सिकल सेल एनीमिया एक आनुवंशिक (वंशानुगत) रक्त विकार है, जिसकी समय पर पहचान एवं जांच अत्यंत आवश्यक है। उपस्थित लोगों को इसके लक्षण, जांच की प्रक्रिया, बचाव के उपाय तथा विवाह पूर्व एवं परिवार नियोजन के संदर्भ में सिकल सेल जांच के महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही लोगों को शासन द्वारा संचालित नि:शुल्क जांच एवं उपचार सुविधाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। ग्रामीणों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा स्वास्थ्य संबंधी अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम का उद्देश्य जनजातीय समुदाय में सिकल सेल एनीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना, समय पर जांच के लिए प्रेरित करना तथा स्वस्थ समाज के निर्माण में जनसहभागिता सुनिश्चित करना रहा।

इस अवसर पर ग्रामीणजन, स्थानीय नागरिक एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## छपारा कलां के पास हुये सड़क हादसे में एक गंभीर, जिला चिकित्सालय रेफर

**छपारा नवभारत।** नगर से दो किलोमीटर दूर एन एच 44 फोरलेन सड़क के ग्राम छपारा कलां के पास 27 जून दिन शनिवार को रात्रि लगभग 7:30 बजे दो बाइक आपस में टकरा गई जिसमें एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं दूसरी बाइक सवार मौके से फरार हो गए इस सड़क दुर्घटना में ग्राम देवरी कला निवासी चिंटू यादव पिता तीरथ यादव 25 वर्ष बुरी तरह घायल हो गया जिसे घटनास्थल पर उपस्थित जनों के द्वारा 112 एवं एन एच आई एंबुलेंस 1033 की सहायता से छपारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया घायल को सिर और पैर में गंभीर चोटें आईं वहीं गंभीर स्थिति के चलते घायल युवक को छपारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से जिला चिकित्सालय सिवनी रेफर कर दिया गया किन्तु 108 में एंबुलेंस सेवा के लिए काल किया गया तो बताया कि एक घंटे तक प्रतिक्षा के बाद 108 एंबुलेंस वाहन सुविधा मिल पाएगी स्थिति को देखते हुए घायल युवक के ग्रामीणों एवं परिवार द्वारा उसे कमांडर वाहन से लेकर जाया गया जिसपर अति आवश्यक सेवा 108 की सुविधा उपलब्ध नहीं मिल पाने से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छपारा में उपस्थित जनों ने व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किए।



# कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक में कार्यकर्ताओं को दिए टिप्स

**सिवनी नवभारत।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशन पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन सिवनी में जिला कांग्रेस समन्वय समिति बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी द्वारा की गई। बैठक लखनादौन विधानसभा प्रभारी अरूण पवार ,सिवनी विधानसभा प्रभारी देवेन्द्र पटैल, केवलारी विधानसभा प्रभारी श्री गुलाबसिंह उइके एवं समन्वय समिति के सदस्यों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में कांग्रेस द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर गठित की गई कमेटियों के संबंध में चर्चा की गई और पंचायत वार गठित समितियों को मजबूत बनाने के संबंध में रणनीति बनाकर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय को अवगत कराने हेतु प्रस्ताव पास किया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिले के जो कांग्रेस पदाधिकारी गण लगातार कांग्रेस पार्टी के नेताओं के खिलाफ सोशल मीडिया में लिखते है उनकी सूची प्रदेश कांग्रेस कमेटी के समक्ष प्रस्तुत की जावेगी, ऐसा निर्णय इस बैठक में लिया गया है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि स्थानीय जन समस्याओं के लिए माह में जिला कांग्रेस कमेटी, नगर कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, कांग्रेस सेवादल, जिला भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन द्वारा सामुहिक रूप से माह में दो बार प्रदेश की भाजपा सरकार और स्थानीय प्रशासन के खिलाफ आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाए। जिले भर में राहुल गांधी जी द्वारा छात्रों के हित में चलाए जा रहें छात्र गूंज कार्यक्रम अनवरत संचालित किया जाए। समन्वय समिति की बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी को सर्वसम्मति से इस बात के लिए अधिकृत किया गया है कि ज्यादा से ज्यादा वरिष्ट कांग्रेस जनों को पार्टी की मुख्यधारा से जोड़े। समन्वय समिति की बैठक में जिला कांग्रेस संगठन महासचिव हनीफ खान, प्रदेश कांग्रेस महासचिव राजा बघेल, विनोद वासनिक, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना, मो. असलम खान, मोहन चंदेल, अनिल ठाकुर, विष्णु करोसिया, सुरेन्द्र करोसिया, देवीसिंह चैहान, अतुलचंद मालू, शिव सनोडिया, यशपाल भलावी, घनश्याम सनोडिया, यतेन्द्र हीरा चैकसे, देवेन्द्र ठाकुर, आदित्य मोन्टू भूरा, राहुल उइके, मनोज राहंगडाले, तेजसिंह रघुवंशी, दिनेश सिंह ठाकुर, राजेश दुबे, आदित्य नारायणसिंह विकास बघेल, संजय बघेल, नीलकंठ बाहेश्वर, शीत तिवारी, बसोरीलाल बल्लारी, सुरेश परते, सहित अन्य उपस्थित रहे।



**जागरूकता** बाजार चौक, बस स्टैंड ग्राम पंचायत परिसर के सामने उपस्थित होकर बाजार के व्यापारियों, क्षेत्रीय नागरिकों को दी जानकारी

# साइबर फ्रॉड को रोकने के लिये चलाया जनजागरुकता अभियान

**उगली नवभारत।** वन सेफ क्लिक के अंतर्गत साइबर फ्राडिंग और धोखा धडी रोकने के लिए जागरूकता अभियान का कार्यक्रम विगत 24 जून से आगामी 8 जुलाई तक पूरे मध्य प्रदेश के सभी जिलों में डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री जी के दिशा निर्देश का पालन करते हुए प्रत्येक जिले के पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी, थाना प्रभारीयों की उपस्थिति में साइबर फ्राडिंग को रोकने के लिए यह जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है,



जिसके अंतर्गत गत दिवस सिवनी जिले के पुलिस थाना उगली में बाजार चौक, बस स्टेंड ग्राम पंचायत परिसर के सामने उपस्थित होकर बाजार के व्यापारियों, क्षेत्रीय नागरिकों को संबोधित करते हुए सिवनी जिले से महिला थाना प्रभारी संदीपिका ठाकुर अपने स्टाफ के साथ उपस्थित पुलिस थाना उगली थाना प्रभारी दयाराम शरणागत एवं समस्त स्टाफ की उपस्थिति में ग्राम पंचायत उगली के सरपंच और व्यापरी गण क्षेत्रीय जनों की उपस्थिति में व्यापारियों को साइबर फ्राड जैसे कि फर्जी कॉल्स, ओटीपी और एपीके फाइल डाउनलोड करना या अन्य प्रलोभन, अपने आधार कार्ड नंबर, बैंक खाता की डिटेल आदि साझा ना करें इनसे बचने के लिए जागरूक किया गया.

आजकल प्रत्येक व्यक्ति के बैंक खताओं को आधार कार्ड से जोड़ा गया है, डीबीटी के आधार पर पैसों का आहरण होता है,फर्जी, ओटीपी और कॉल के माध्यम से अन्य प्रलोभन देकर साइबर फ्राडिंग और ठगी के शिकार नागरिक हो रहे हैं,जिसके लिए जागरूकता अभियान का उद्देश्य सभी को सजग करना है, अगर किसी भी प्रकार से इस धोखाधड़ी का शिकार कोई व्यक्ति हो जाता है, तो तुरंत 1903 में फोन के माध्यम से ऑनलाइन सूचना दे सकते हैं, या शिकायत कर सकते हैं,या ऐसी फर्जी काल टेप यदि हो तो जानकारी संबंधित थाना को दे सकते हैं। आजकल सभी लोग ऐंड्रायड, स्मार्ट मोबाइल फोन्स का इस्तेमाल करते हैं, और कई तरह के एप्लीकेशंस जिनका उपयोग नहीं भी है, मोबाइल इंटरनेट के माध्यम से डाउनलोड कर लेते है, या ये ऐप्स अपने आप डाउनलोड हो जाते हैं, जिसकी जानकारी व्यक्ति को नहीं होती जाने अनजाने में ऐसी सभी कालों से साइबर फ्राडिंग के अंतर्गत होने वाली सुविधाओं से बचने के लिए पुलिस का यह जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. जिससे ग्रामीण जन साइबर ठगी के शिकार होने से बच सकते हैं।

# जिला यादव महासभा ने सुभाष यादव को दी श्रद्धांजलि





**सिवनी नवभारत।** मध्यप्रदेश में सहकारिता क्रांति के जनक, पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष स्वर्गीय सुभाष यादव की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जिला यादव महासभा, सिवनी के प्रतिनिधिमंडल ने उनके गृह ग्राम बोरावा, जिला खरगोन पहुँचकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर जिला यादव महासभा के प्रतिनिधियों ने कहा कि स्वर्गीय सुभाष यादव जी का सामाजिक न्याय, किसानों के कल्याण एवं सहकारिता आंदोलन को सशक्त बनाने में दिया गया योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। उनका संघर्षमय जीवन, जनसेवा के प्रति समर्पण एवं समाजहित में किए गए कार्य आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बने रहेंगे।

कार्यक्रम में जिला यादव महासभा, सिवनी की ओर से जिला अध्यक्ष अरुण कुमार यादव, उपाध्यक्ष सुभाष यादव, कोषाध्यक्ष रामकिशोर यादव, सुरेंद्र जैन एवं मदन पवार उपस्थित रहे। सभी ने स्वर्गीय सुभाष यादव जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी तथा उनके आदर्शों पर चलकर समाज एवं राष्ट्र की सेवा करने का संकल्प लिया।

महान व्यक्तित्व कभी विदा नहीं होते, उनके विचार और आदर्श सदैव समाज का मार्गदर्शन करते हैं।

**किराए से देना**
अनमोल रेसीडेंसी, आशिर्वाद पेलेस के सामने, वरदान नेत्रालय के बाजू मे ज्यारत मे टू-बी.एच.के. मकान एवं मकान से सटी 14X18 तीन दुकान किराए से देना है।
संपर्क करे
6264000057